# आना जी मेरे घर आना मेरे बांके बिहारी भजन लिरिक्स

आना जी मेरे घर आना,
मेरे बांके बिहारी,
बांके बिहारी मेरे रमण बिहारी,
बांके बिहारी राधा रमण बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।bd।

देखे – एक दिन मेरे घर आना।

---

छोटी सी कुटिया में,
छोटा सा परिवार है,
आना जी आना प्यारे,
तेरा इंतजार है,
देखो भूल ना जाना,
मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।bd।

---

ला दूंगी तोरे बांस की पोरी,
मंगवाई दूंगी लाला,
नूपुर की जोड़ी,
मेरे अंगना में ठुमका लगाना,
मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।bd।

---

मेरे घर कुछ कमी नहीं है,
माखन मिश्री दूध दही है,
अब ना लगाना बहाना,
मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।bd।

---

जितना दिया है तूने,
बहुत किया है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुमने तो जीवन में,
रंग भर दिया है,
तेरा दिल से करूँ शुक्राना,
मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।**bd**।

---

क्या खोया क्या पाया,
क्यों है उदासी,
क्या क्या छुपाए बैठी,
श्री हरिदासी,
आपको है बतलाना,
मेरे बांके बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।**bd**।

---

आना जी मेरे घर आना,
मेरे बांके बिहारी,
बांके बिहारी मेरे रमण बिहारी,
बांके बिहारी राधा रमण बिहारी,
आना जी मेरें घर आना,
मेरे बांके बिहारी।**bd**।

स्वर – साध्वी पूर्णिमा दीदी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com